दैनिक
# पदमावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in \ Mo. 9594542679 \ Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 218 • मुंबई, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## सोशल मीडिया पर की दोस्ती, बाद में झांसे में लेकर किया रेप, अश्लील वीडियो और फोटो रिश्तेदारों को भेजने के नाम पर कर रहा था ब्लैकमेल



पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** सोशल मीडिया दोस्ती गांठने के बाद युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवक झांसे में लेकर युवती को होटल लेकर गया और रेप किया। आरोपी युवक अजमेर का रहने वाला है। इस संबंध में सलूम्बर के झल्लारा थाने में मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस सूत्रों ने बताया अजमेर जिले के किशनगढ़ निवासी अजय मंडोतिया ने पीड़िता से सोशल मीडिया पर दोस्ती की। जिसके बाद दोनों मिलने लगे। युवक पीड़िता को झांसे में लेकर होटल ले गया जहां उसकी मर्जी के बिना अवैध संबंध बनाए और अपने मोबाइल से युवती के अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। जिसके बाद युवती को ब्लैकमेल कर रुपए की डिमांड करने लगा। रुपए नहीं मिलने पर घर की आर्थिक हालत खराब और तबीयत खराब होने का बहाना बनाया।

आरोपी युवक की तलाश में जुटी पुलिस

युवती ने उसे अलग-अलग समय में करीब 20 हजार रुपए ऑनलाइन भेज दिए। इसके बाद युवक बार-बार मिलने का दबाव बनाता रहा और नहीं मिलने पर उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया। इसके बाद युवक ने पीड़िता के कुछ रिश्तेदारों को उसका अश्लील वीडियो भेज दिया। तब युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस युवक की तलाश कर रही है।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में महावीर सेवा संस्थान द्वारा जीव दया आयोजित किया गया

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा द्वारा सात दिवसीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के द्वितीय दिवस जीव दया के रूप में आयोजित किया गया।

संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने बताया सोमवार को जीव दया का कार्यक्रम फतहपुरा क्षेत्र में आयोजित किया। अध्यक्ष महेश पोरवाल ने बताया आज संस्थान की महिला प्रकोष्ठ के संयोजन में जीव दया कार्यक्रम में गायों को गुड, चना, रोटी, चारा आदि खिलाया गया।



इस अवसर पर योगेश सेठ, अशोक जैन, मनोज आंचलिया, राकेश जैन, महिला प्रकोष्ठ से पुष्पा सुराणा, कल्पना नाहर, पूर्व जिला प्रमुख मधु मेहता, सुमन डामर, शशि मेहता, ललिता सिंघवी, मंजू जैन, सुनीता हिंगड़, नीतू नवेडिया, सरोज जैन आदि सदस्यों ने भाग लिया।

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तृतीय दिवस 16 अप्रैल को मानव सेवा के तहत सायफन चौराहा पर भोजन वितरित किया जाएगा।

## जल मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम व भजन संध्या का अयोजन हुआ



पदमावत मीडिया

**तिवंरी ।** स्व. देवेन्द्र गिरी की याद में प्याउ का निर्माण गादीपति गणेशगीरी गोस्वामी, नखत बन्ना सा धाम तिंवरी के द्वारा करवाया गया जिसका उदघाटन किया गया साथ में भजन संध्या का आयोजन रखा गया इस अवसर पर नारायण गीरी महाराज, खोखरी माताजी मंदिर, नरेन्द्रगीरी गादीपति उठाम्बर मठ, सन्तोषगीरी जी महाराज, शिवसिंह बस्सी धाम गादीपति व आसपास के गणमान्य लोग अतिथि उपस्थित हुऐ, गादीपति गणेश गीरी ने बताया कि प्याउ का निर्माण होने से आप पास के आने जाने वाले राहगीरों को पीने के ठंडे पानी की निःस्वार्थ भाव से सुविधा मिलेगी। आर ओ का ठंडा पानी पिने के लिए मिलेगा जिससे आस पास के असंख्य दुर- दराज गावों के आने जाने का मुख्य चौराया पड़ता है और यहा से दुर से सफर करने वाले लोगो को इससे पिने का शुद्ध पानी मिलेगा, साथ ही गायों, पशुओं के लिये पानी की खेली का भी पास में निर्माण करवाया गया जिससे इस गर्मी में राहत मिलेगी कोई भी पानी से प्यासा नही रहे। इस तरह के कल्याणकारी परोपकार कार्यो को आगे भी जारी रखेंगे तथा भव्य चिड़ियाघर रेन बसैरा इस प्याउ के पास बनाने की योजना है, जिसमें हजारों पक्षी इसमें निवास कर सकेंगें।

## महिलाओं के लिए संभावनाओं की सीमाएं खुलने लगी है - मुनि सुरेश

## राष्ट्रीय महामंत्री व निवृत्ति कुमारी की उपस्थिति में शहर के 30 द शी टाइकुन्स अभिनन्दित

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के महाप्रज्ञ विहार में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल उदयपुर के बैनर तले युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शासनश्री मुनि सुरेश कुमार के सान्निध्य राष्ट्रीय महामंत्री (अ भा ते म मं) नीतू ओसतवाल व मेवाड़ राजपरिवार की सदस्य निवृत्ति कुमारी मेवाड़ की उपस्थिति में आयोजित द शी टाईकुन्स व श्री उत्सव इनौग्रल इवेंट में शहर के 30 सशक्त महिलाओं को वर्धापित किया गया । इस अवसर पर शासन श्री मुनि सुरेश कुमार ने कहा- यही वो मेवाड़ है जहां महिलायें घूँघट की चारदिवारी में क़ैद थी मगर अब सीमाए खुलने लगी है । महिलाओं की ज़िम्मेदारी है कि वो भावी पीढ़ी को संस्कारों की विरासत सोपे

मुनि संबोध कुमार मेधांश ने कहा - एक नया दृश्य है ये, अब चुनौतियों के रंग बदल रहे है , नारी सबसे शक्तिशाली है बस उसे अपने होने का एहसास हो।

मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा- जहां मैं हम में बदलता है तो हम सर्वोच्च हो जाते है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राष्ट्रीय महामंत्री नीतू ओस्तवाल ने कहा- हम दोहरी ज़िम्मेदारी के बीच जो चुनते हैं वही हमे सशक्त बनाता है हमने जो मुक़ाम पाया है अब उसे उन तक पहुँचाए जिसे अब तक अपने उद्देश्यों की तलाश है निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कहा - जहाँ महिलाओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने के इतने विराट अवसर दिया जाता है उस संस्था की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता में श्री उत्सव की सफलता की शुभ कामना देती हूं।

विशिष्ट अतिथि श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा महामंत्री विनोद वेद ने कहा - महिला मंडल अपनी बहनों को आत्मनिर्भर बनाने में अपना पुरुषार्थ निवेश कर रही है यही शुभ भविष्य का संकेत है

कार्यक्रम में महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, तेरापंथ सभा अध्यक्ष अर्जुन खोखावत , अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कार्यसमिति सदस्य डॉ. नीना कावडिया, उषा सिसोदिया, राष्ट्रीय सहप्रभारी श्री उत्सव मनाली चोरडिया ने भावपूर्ण विचारों की प्रस्तुति दी ।

स्वागत मण्डल अध्यक्षा सीमा बाबेल, आभार मंत्री ज्योति कच्छारा ने किया,

अतिथि परिचय कार्यक्रम संयोजक पंकज हिरण, रेखा जैन ने मंच संचालन मुख्य संयोजक डॉ. डिम्पी जैन, व द शी टाईकुन्स कार्यक्रम का संचालन इवेंट मैनेजमेंट टीम अलिशा कर्णावट, करुणा पोरवाल, मोनिका मारू, हीना दूगड़ ने किया।

इस मौके तेरापंथ महासभा सदस्य धीरेंद्र मेहता, अभा तेयुप सदस्य अजीत छाज़ेड, संदीप हिंगड, तेयुप अध्यक्ष विक्रम पगारीया सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे।

30 सशक्त महिलाओं को *द शी टाईकुन्स* सम्मान



कार्यक्रम में शहर के चयनित 30 महिलाओं को उनकी उल्लेखनीय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया।

इस क्रम में डी वाई ऐस पी चेतना भाटी, पूर्व आई ए एस वीणा बोहरा, समाज सेवी डॉ पुष्पा कोठारी , डॉ. चित्रा लड्ढ़ा, आर्किटेक्ट श्रीमती प्रियंका जैन, बिज़नेस टाईकुन्स कुमुद गहलोत, स्वाति सरूपरिया, डॉ. नीता मेहता एन एम जी , दिव्यप्रभा नागर, एजुकेशनिस्ट, रिया शर्मा फैशन डिजाइनर,ममता तातेड फाउंडर टॉय एंड जॉय स्कूल,सुनंदा जैन फाउंडर प्लेट्यूजप्रतिभा सिंह, कीर्ति राठौड़,माया कुम्भट, डॉ साधना कोठारी, मेघा जैन - डॉक्टर इन होम्योपैथी, प्रिया कटारिया- सीए, शिखा सिंघल - ज्वेलरी डिज़ाइनर, प्रियंका चपलोत - शेफ, कीर्ति जैन एग्रीकल्चर इंजीनियर ,अर्चना शक्तावत साइकोलॉजिस्ट,अंजू गिरी - मेंटल हेल्थ फर्स्ट ऐड सर्विस,मीना मोगरा - टीचर एंड मॉडल, उषा जैन - डांसर , मॉडल एंड एक्टर, राष्ट्रीय महामंत्री व निवृत्ति कुमारी की उप-स्थिति में शहर के 30 द शी टाइकुन्स अभिनन्दित हुए

## जिला प्रभारी सचिव रहे सलूम्बर जिले के दौरे पर

### मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने के दिये निर्देश



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिले के प्रभारी सचिव लक्ष्मण सिंह कुड़ी सोमवार को सलूंबर जिले के दौरे पर रहे। प्रभारी सचिव कुड़ी ने सोमवार को जिला कलक्टर कक्ष में बैठक लेकर विभिन्न विभागो के विभागीय अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को जिले के सभी कार्यालयों में ई फाइल को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया गया और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया की अस्पतालों में दवाओं की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्मिको की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए और मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने के दिये निर्देश साथ ही पशुपालन विभाग को खुरपका एवं मुहपका और लंपी रोग की प्रभावी रोकथाम और टीकाकरण करने के निर्देश दिए साथ ही वन विभाग को वृक्षारोपण करने एवं आग जेसी घटनाओं से निपटने के प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देष दिए गए जनस्वास्थ एवं अभियांत्रिकी विभाग को हेडपंप और पेयजल की आपूर्ति करने के लिए निर्देशित किया गया और खान विभाग को अवैध खनन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया गया की एनिकटो और तालाबों के रखरखाव एवं मरम्मत करने के निर्देष दिए।

प्रभारी सचिव ने जिला कलेक्टर की सराहना

प्रभारी सचिव कुड़ी ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के प्रयासों से सलूंबर जिले में सरकारी कार्यालयों में ई फाइल में बेहतर कार्य करने एवं बेहतर प्रबंधन की सराहना की। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि सलूंबर जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्रामीण विकास से संबंधित कई इंडिकेटर्स पर प्रगति के सौपान तय करने हैं जिले की प्रगति को प्रदेश स्तर तक ले जाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे है।

यह रहे उपस्थित

बैठक में डीओआईटी उप निदेशक जीवनराम मीणा, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक, डीपीएमओ डॉ देवेंद्र पुरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## नवपद ओली का पहले दिन हुए विविध आयोजन

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में तपागच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ स्थित आत्मवल्लभ सभागर में आचार्य पदमभुषण र| सुरिश्वर व प्रन्यास ऋषभ र| विजय, साध्वी कीर्तिरेखा श्रीजी संघ की निश्रा में सोमवार को नवनद ओली के तहत विशेष पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे दोनों साध्वियों के सानिध्य में आरती, मंगल दीपक, सुबह सर्व औषधी से महाअभिषेक एवं अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। नवपद ओली का यह प्रथम दिवस नवपद के प्रति हमें नम्र बनने का संदेश देता है। क्योंकि जीवन की सार्थकता बिनम्रता से है। आप सभी नवपद यानि नवकार महामन्त्र की महिमा जानते हैं। यह मन्यों में सर्वश्रेष्ठ है इसलिए इसे महामन्त्र या मन्त्राधिराज कहते



है। नवपद अर्थात् नम्रता एवं विवेकपूर्वक नवपद हमें पापक्रमों के दमन का सन्देश देता है। प्रथम दिन अरिहंत की आराधना से समाधि का जागरण होता है। समाधि-जागरण यानि आधि-व्याधि टेंशन का छुटकारा, ध्यान की एकाग्रता, विषमता का त्याग, समता की प्राप्ति। अरिहन्त पद का ध्यान करने से दो गुण उत्पन्न होते हैं- अनन्त ज्ञान और अनन्त दर्शन। इन दो गुणों के भेद प्रभेद जानकर राग-द्वेष का छेदन कर आत्मा अरिहंत पर को प्राप्त कर सकता है। अरिहंत चार घाती कर्मों के विनाशक है तथा सिह आठ रूम के महापंच नवकार में फिर भी अरिहंत पद को प्रथम स्थान प्रदान किया गया है क्योंकि ने तीर्थकर हैं, तीर्थस्थापना के माध्यम से संसार के महान उपकारी है। वे बोवलज्ञान के पश्चात् परम करुणा के कारण छात् के कल्याण के लिए उपदेश प्रदान करते हैं। उनके कारण जैनधर्म की उदान क्रियाओं तथा चेष्टाओं को महाबू जल मिला है। शालत पहचान मिली है, जीवन को सफल बनाने की अनुष्य शक्ति मिली है। नमो अरिहंताणं केवल एक पद से पचास कागने पम दुख का विनाश होता है। संपूर्ण नवकार महामंत्र का जाप करने से पांचसो सागरोपम के नरक का विनाश होता है। इस वअवसर महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर, महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या, राज लोढ़ा, चतर सिंह पामेचा, श्रेयांश पोरवाल, प्रवीण हुमड़, भोपाल सिंह नाहर, प्रकाश नागोरी आदि मौजूद रहे।

## मंत्रोच्चाण के साथ सम्पन्न हुई नाकोड़ा पार्श्वनाथ अंजनशलाका प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री मोती कृष्ण गौधाम, नाकोड़ा कामधेनु पार्श्वनार्थ मंदिर राणाकुई वल्लभनगर में चल रहे नाकोड़ा पार्श्वनाथ अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के नवें दिन सोमवार 15 अप्रेल को प्रातकालीन वेला में सुबह 6.22 बजे सभी प्रतिष्ठत प्रतिमाओं की मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा क्रियाएं सम्पन्न हुई। वही आचार्य चन्द्राननसागरसूरीश्व महाराज के सान्निध्य में शिखर पर कलश एवं ध्वज दण्ड चढ़ाया गया। संस्था के हस्तीमल लोढ़ा एवं श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि राष्ट्रसंत आचार्य गुरुदेव चन्द्राननसागरसूरीश्व महाराज की निश्रा में सुरेखादेवी लोढ़ा चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नवनिर्मित जिनालय की अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा में विधि कारक कल्पेश भाई सिरोड़ी अहमदाबाद वाले ने विधि विधान से अष्ट प्रकार के मंत्रोच्चारण से पूजा विधि के कार्य सम्पन्न कराएं। आरती, मंगल दीपक, सुबह सर्व औषधी से महाअभिषेक एवं अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। जिमसें हजारों की संख्या में श्रावक-श्राविकाएं इस पल के साक्षी बने। जहां साधु-साध्वी भगवंत आचार्य चन्द्राननसागर सुरिश्वर, प्रवर्तक मुनिवर हरीशचन्द्रसागर, पुष्पचन्द्रसागर, जैनेशचन्द्रसागर, कार्यदक्ष मुनि मननचन्द्रा सागर, निपुणचन्द्रसागर, अर्हम्चन्द्र सागर, साध्वी कल्पिताश्रीजी, साध्वी चारुताश्रीजी, साध्वी आशीताश्रीजी, साध्वी रीषीताश्रीजी, नूतन बाल साध्वी पूज्यताश्रीजी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। रात्रि में संगीतकार निखिल सोनीगरा व नरेन्द्र वाणाी गोता ने अपनी स्वर लहरियों से सुर बिखरें एवं नाकोड़ा भैरव के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हस्तीमल लोढ़ा, महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर, महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या, राज लोढ़ा, चतर सिंह पामेचा, मंजू देवी लोढ़ा, शिल्पा लोढ़ा, अवीश, अनिषा, सान्वी लोढ़ा, देवेन्द्र मेहता, सागर जैन, हितेश जैन, गौरव जैन, रिषीत जैन, शिल्पा लोढ़ा, अवीश लोढ़ा, रोशनलाल लोढ़ा, दिनेश जैन, चांदमल लोढ़ा, मुकेश बोहरा, अमित कुमार पामेचा, दौलत सिंह सुराणा, यशवंत मण्डोत, सुनिल पगारिया, चद्रप्रकाश वागरेचा, भूपेन्द्र चण्डालिया, अनिल कावडिया, चेतन चण्डालिया, अनिला विसलोत, अशोक मेहता, नाकोड़ा भक्ति मण्डल के कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर नवकारसी एवं स्वामीवात्सल्य का आयोजन हुआ।

आज होगा समापन

हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि अंतिम दिन मंगलवार 16 अप्रेल को मंदिर के द्वार खोलने के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन होगा।

## उदयपुर ऑटो पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन का स्नेह मिलन और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उदयपुर ऑटो पार्ट्स डीलर्स एसोसिएशन का होली स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह मल्हार रिसोर्ट बड़ी में रविवार को सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष नरेन्द्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर डायरेक्ट्री के प्रकाशन की घोषणा की गई और इसके प्रधान संपादक के पद पर राकेश भंडारी को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्याम स्पयर्स जयपुर एवं बंसत जैन का सम्मान किया गया। सचिव विरेन्द्र बाफना ने बताया कि इस समारोह में सभी व्यापारियों ने सपरिवार उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोज हुआ और लक्की ड्रा निकाल कर हार्दिक बाघमार द्वारा पुरस्कृत किया गया

# निःशुल्क गुरुकुल कोचिंग का शुभारंभ एवं राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया अभिनंदन समारोह



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सावित्री बा फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में गुरुकुल कॉलेज बुढल कुराबड के परिसर में निशुल्क कोचिंग एवं अभिनंदन समारोह का मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वी राज सिंह चौहान ने की। मुख्य अतिथि जनार्दन राय नागर विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ शिव सिंह सारंगदेवोत थे। विशिष्ट अतिथि मांगीलाल जोशी , राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया एवं सावित्रीबाई फुले पर्यावरण शिक्षण संस्थान के निदेशक दिनेश माली थे।

गुरुकुल बुढल की ओर से राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया को पगड़ी पहनाकर, उपरणा व शोल ओढ़ाकर , अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया ।

निःशुल्क गुरुकुल कोचिंग के लिए अभी तक 110 रजिस्ट्रेशन हुए है। रीट,आर ए एस, पीटीईटी ,बीएसटीसी पटवारी एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया ।जिसकी कक्षाएं 15 अप्रैल2024 से 15 जून 2024तक चलेगी। इन सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में तिलक लगाकर मौली एवं गुड से अभिवादन किया गया । निर्देशक दिवाकर माली ने बताया कि निशुल्क कोचिंग से मेवल क्षेत्र के विधार्थियों को फायदा होगा और सरकारी सेवा में जाने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन किया गया एवं संविधान की उद्देशिका का वचन कर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ शिव सिंह सारंगदेवोत ने संस्था के कार्यो की की सराहनीय करते हुए कहा कि शिक्षा की प्रति विद्यार्थियों को जागरुकता लाना है। शहर की तरह गांव में भी विकास की पहल हुई है। यहां पिछड़े वर्गों के लोगों को इस कोचिंग से बहुत ही मदद मिलेगी और आगे भी ऐसे ही कार्य होते रहेंगे।

विशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल गरासिया ने विद्यार्थियों के जीवन का महत्व को बताते हुए संस्था के पहल को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के प्रति जागरूक किया ।अध्यक्ष पृथ्वी राज सिंह चौहान ने सावित्रीबाई फुले एवं ज्योतिबा फुले के विचारों को रखते हुए समाज के विकास को आगे बढ़ाकर देश को विकसित करने का कार्य है। सभी को शिक्षित करना ,सभी को सम्मान का अधिकार दिलाना मुख्य कार्य है। अतिथियों का परिचय एवं अतिथि सम्मान डॉ मनीष सक्सेना एवं डॉ रंजना सालगिया ने किया। सभी संकुल स्टाफ ने इस ग्राम कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संचालन प्रमोद आमेटा ने किया। धन्यवाद डॉ प्रतिभा चितारा ने दिया।

# बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वितरित की गई मतदाता पर्चियां एवं मार्गदर्शिका

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत आमजन को मतदान हेतु जागरूक करने एवं शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जिले में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ ने उपस्थित रहकर मतदाताओं को मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची वितरित की। इस दौरान आने वाले लोगों से आगामी 26 अप्रेल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। आमजन को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने हेतु सी-विजिल एप्प की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही वोटर हैल्पलाइन एप्प, सक्षम एप्प, केवाईसी एप्प की भी जानकारी दी। इस दौरान आमजन को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। बाणा कलां व समोडा में आंखों से दिव्यांग मतदाताओं को ब्रेल मतदाता पर्चियां वितरित की गई। बस्सी झुंझावत में विद्यालय में मतदाता शपथ का आयोजन किया गया और गुड़ियावाड़ा, गिंगला, भई, बड़ावली, नोली, बेहुति, धारोद, नोखली, टोड़ा, थड़ा में मतदाताओं को वोटर गाइड देकर मतदान का आग्रह किया गया। सेरिया, नेवातलाई में पीईईओ द्वारा बैठक आयोजित करवाकर सभी संबंधित राजकीय कर्मचारियों से मतदान प्रतिशत वृद्धि पर चर्चा की गई व योजना बनाई गई। जिले में होम वोटिंग मतदाताओं ने किया घर से मतदान लोकसभा चुनाव 2024 के तहत सलूंबर जिले में सोमवार को 85 वर्ष से अधिक आयु के



वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से मतदान किया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने बताया कि होम वोटिंग के लिए सलूंबर जिले में रूट चार्ट के अनुसार डांगीवाडा, मल्लाडा, सलूम्बर शहर, गांवडा पाल, चावण्ड, सीपुर व सगतड़ा में मतदान दलों ने पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करवाया। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के वरिष्ठ मतदाताओं एवं विषेश योग्यजन में मतदान के प्रति उत्साह नजर आया। इस दौरान मतदाताओं ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और होम वोटिंग की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया।

# पर्यावरण संरक्षण पर सोलिडरिडाड सस्था के माध्यम से ग्राम बरखेड़ा देव में बैठक की गई

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ।** सोलिडरिडाड संस्था और लघु कृषक कृषि व्यापार संघ के माध्यम से गठित रेतम फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी मल्हारगढ़ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत ट्रेनिंग का आयोजन किया, जिसमें किसानों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को रासायनिक खाद व कीटनाशक का प्रयोग कम से कम मात्रा में करने सुझाव दिया , इसके स्थान पर जैविक अर्क, वर्मी कंपोस्ट, व वेस्ट डी कंपोजर, हरी खाद का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए वेस्ट डी कंपोजर या रोटावेटर प्रयोग करके पराली को गहरी जुताई कर जैविक खाद के रुप में परिवर्तित



किया जा सकता है, किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गई। फल दार पेड़ पौधे लगाने की सलाह दी गई , जिससे मिट्टी का बहाव रुकने में आसानी होगी। किसानों को प्लास्टिक बैग के स्थान पर जूट के बैग का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। किसानों को सिंचाई में टपक पद्धति , मलचिंग के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता पर शपथ दिलाई गई। सोलिडरीडाड सस्था से ट्रेनिंग में राहुल राठोर ने किसानों को समय समय पर मिलने वाली समसामयिक सलाह, वेदर स्टेशन के बारे में जानकारी दी गई।यह जानकारी राहुल राठौर ने दी है ।

# चारभुजा मंदिर पर कलश स्थापना के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ सम्पन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भल्लों का गुडा गांव में बने चारभुजा मंदिर एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के 5 दिवसीय कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। सोमवार को विधि विधान से हवन के बाद मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापित किया गया। इसमें मुख्य कलश ग्राम वासियों की ओर से स्थापित किया गया वही चारभुजा कलश, मुख्य द्वार कलश, शिव मंदिर कलश और ध्वजा दंड भी स्थापित किए गए। भक्तों के जयकारो और पुष्प वर्षा से कलश स्थापित किए गए। इसके बाद प्रभु चारभुजा नाथ और शिव परिवार को मंदिर में विराजित किए गए। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण चारभुजा नाथ और हर–हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। चारभुजाजी के मंदिर में विराजने के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया। इसमें आसपास के कई गांवों के लोग शामिल हुए। इसके अलावा उदयपुर चित्तौड़ और सलूम्बर क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए।

**अवधेशानंद महाराज कार्यक्रम में हुए शामिल**

सूरजकुंड धाम के अवधेशानंद महाराज रविवार देर रात प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अवधेशानंद महाराज का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान अवधेशानंद महाराज चारभुजा मंदिर पहुंचे ओर पूजा अर्चना की साथ ही हवन में आहुति भी दी। इनके अलावा आसपास क्षेत्रों के संत भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**जगमगाती रोशनी और पुष्पों से सजाया गया था मंदिर**

पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। अंतिम दिन फूलों की विशेष साज सज्जा की गई।

# म्हारे अंगना पधारों प्रभु महावीर जी... पर झुमे श्रावक ढोल बाजे-ताल बाजे, बाजे रे शहनाई, की नगरी में वीर आए है...

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** म्हारे अंगना पधारों प्रभु महावीर जी...वीर जी... के गीतों की धून पर जैन समाज के विभिन्न महिला संगठनों की बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण में समा बांध दिया। वहीं दर्शकों ने भी जमकर करतल ध्वनी से जोरदार स्वागत किया। महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में श्री महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित 100 फीट रोड स्थित शुभकेसर गार्डन में सोमवार को सकल जैन समाज की महिला संगठनों द्वारा आकर्षक जैन गीतों एवं भजनों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाली सभी प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने स्वागत उद्बोधन में 21 अप्रेल को महावीर जयंती पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा एवं सकल जैन समाज की जन मेदिनी के महाकुंभ में जैन समाज के प्रत्येक परिवार की सहभागिता रहेगी इसके लिए सकल जैन समाज को घर-घर जाकर पीले चावल एवं सोशल मीडिया के जरिए निमंत्रण दिया जा रहा है। इस बार आठ वर्षो के लम्बे अंतराल बाद हो रहे महाकुंभ में समाज जनों में भारी उत्साह है एवं नव इतिहास का सृजन होगा।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा ऋतु मारू ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में सुन्दरी बहु मण्डल ने रेशम की डोरी.., कौशल्या बहु मण्डल ने नवकार मंत्र है न्यारा, महावीर युवा मंच महिला प्रकोष्ठ ने म्हारे अंगना पधारों..., मंगल बधाई गाओं.. सुहागिन मण्डल ने सोने के पलने में झुले..., ब्राह्मी मण्डल फतहपुरा ने संदेशे आते है...., श्वेताम्बर महिला मण्डल ने सजाओ घर आंगन..., मोहन ज्ञान मंदिर ऐ खुदा तु घुम है..., नवकार बहु मण्डल रास रचे राधा-कृष्ण, दिगम्बर जैन दशा मण्डल त्रिशला झुला झुलाए...एवं आदर्श




बहु मण्डल ने तेरे प्रेम की बर्फ ने.., हमराही मण्डल, केसरिया सखी मित्र मण्डल, उदयपुर ऋषभदेव जैन परिवार, जैन जागृति महिला संस्थान बीजेएस लेडिज विंग, संयम महिला मण्डल, पदम्मप्रभु महिला मण्डल, दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा प्रकोष्ठ, चन्दन बाला महिला मण्डल एवं सरास्वती ग्रुप ने भी जैन गीतों एवं स्तवन पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और श्रोताओं ने करतल ध्वनी के साथ कार्यक्रम का भरपूर आंनद उठाया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन व संस्थान अध्यक्ष अशोक कोठारी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। आभार महामंत्री विजय लक्ष्मी गलूंडिया ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनिका जैन द्वारा किया गया।

परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर ने बताया भगवान महावीर जन्मकल्याण महोत्सव आयोजनों के तहत बुधवार 17 अप्रेल को सुबह 11 बजे मुख बधिर एवं अन्ध विद्यालय में भोजन कराकर सेवा कार्य किया जाएगा।



# हनुमान जयंती पर इस विधि से करें बजरंगबली की पूजा, जीवन में नहीं आएगा कोई संकट

**हनुमान जी की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 23 अप्रैल को सुबह 9 बजकर 3 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा. ब्रह्म मुहूर्त 23 अप्रैल को सुबह 4 बजकर 20 मिनट से 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा. इस मुहूर्त में स्नान करना बहुत ही शुभ माना जाता है. हनुमान जयंती के दिन अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।**

हिन्दू धर्म में हर साल चैत्र माह के शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई जाती है, क्योंकि इसी दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था. इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मनाई जाएगी. हनुमान जयंती को 'हनुमान जन्मोत्सव' कहना ज्यादा उचित रहेगा क्योंकि मान्यता है कि बजरंगबली आज भी धरती पर सशरीर मौजूद हैं. वह आज भी सभी के संकटों का निवारण करते हैं इसलिए उन्हें संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है.

हनुमान जयंती के मौके पर हर साल इस दिन बजरंगबली की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है. मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं और लोग अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की कामना करते हैं. यदि आप हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिर जाकर हनुमान जी की पूजा करने नहीं जा पा रहे हैं. तो घर बैठे आप कुछ नियमों का पालन करके पूजा कर सकते हैं.

हनुमान जयंती तिथि पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 25 मिनट से शुरू होगी और 24 अप्रैल को सुबह 5 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगी. इसलिए इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को मनाई जाएगी.

**हनुमान जयंती पूजा शुभ मुहूर्त** : हनुमान जी की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 23 अप्रैल को सुबह 9 बजकर 3 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा. ब्रह्म मुहूर्त 23 अप्रैल को सुबह 4 बजकर 20 मिनट से 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा. इस मुहूर्त में स्नान करना बहुत ही शुभ माना जाता है. हनुमान जयंती के दिन अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा.

**हनुमान पूजा विधि:** हनुमान जयंती के मौके पर जो लोग व्रत रख रहे हैं उन्हें पूरे दिन ब्रह्मचर्य का पालन करना होगा. इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर भगवान श्रीराम, माता सीता व हनुमानजी का स्मरण करें और व्रत का संकल्प लें. घर में पूजा के स्थान पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करें और विधिपूर्वक पूजा करें. हनुमान जी को शुद्ध जल से स्नान करवाएं. फिर सिंदूर और चांदी का वर्क के साथ अबीर, गुलाल, चंदन और चावल चढ़ाएं, इसके बाद सुगंधित फूल और फूलों की माला चढ़ाएं, एवं नारियल चढ़ाएं. फिर केवड़ा या अन्य सुगंधित इत्र लगाएं. हनुमान जी मूर्ति के वक्ष स्थल यानी हृदय वाले स्थान पर चंदन से श्रीराम लिखें. इसी तरह श्रद्धापूर्वक जो भी चढ़ाना चाहते हैं वो हनुमान जी को चढ़ाएं. हनुमान जी की पूजा के बाद चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें. नहीं कर पाएं तो श्रीराम नाम का ही जप कर लें. आखिरी में हनुमान जी को नैवेद्य लगाकर आरती करें और लोगों को प्रसाद बांटें.

हनुमान जयंती का महत्व हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है. इस पर्व को शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है. इस दिन हनुमान जी की विधिवत पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह की बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. इसके साथ ही भगवान श्री राम भी प्रसन्न होते हैं और कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होती है. ऐसी मान्यता है कि भगवान हनुमान का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था. इसी के कारण इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान आदि करने के साथ हनुमान जी की विधिवत पूजा की जाती है. इसके साथ ही इस हनुमान चालीसा, मंत्र आदि पड़ने से वह जल्दी ही प्रसन्न हो जाते हैं.

*हनुमान जी का मूल मंत्र*

*ह्रां ह्रीं हरूं हैं ह्रौं ह्रः॥ हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट्।*

# कर्तव्य पथ पर बढ़े कदमों को नहीं रोक पाए पथरीले रास्ते और बियाबान जंगल



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उखड़ खाबड़ पथरीली राहें, बियाबान जंगल और नदी-नाले भी कर्तव्य पथ पर चढ़ चले कदमों को नहीं रोक पाए। दुर्गम स्थलों की तमाम मुश्किलों को पार कर मतदान कर्मी चिन्हित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचे और उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में सहभागिता का अवसर उपलब्ध कराया। अवसर था लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही होम वोटिंग का। उदयपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में मतदान दल आयोग की मंशा को साकार करने में पूरे मनोयोग के साथ जुटे हुए हैं।

लोकसभा आम चुनाव-2024 में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कृतसंकल्पित है। 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजनों को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होम वोटिंग शुरू की गई है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के गोगुन्दा, झाडोल, खेरवाड़ा, उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, सलूम्बर, डूंगरपुर जिले के आसपुर तथा प्रतापगढ़ जिले के धरियावाद तथा चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में शामिल मावली और वल्लभनगर क्षेत्र में रविवार से होम वोटिंग का प्रथम चरण शुरू हुआ। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 3152 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। इनसे मतदान कराने के लिए 70 टीमें आवंटित विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत हैं। गोगुन्दा विधानसभा के उखलियात क्षेत्र में दल संख्या 4 के पीठासीन अधिकारी प्रताप सिंह चूण्डावत अपने दल एमओ जीवन सिंह राव, देवीलाल एवं बीएलओ राजाराम गरासिया के साथ गर्मी में जंगल के बीच पथरीली सड़क से होते हुए करीब 5 किलोमीटर पैदल चल कर 91 वर्षीय राजी बाई के घर पहुंचे और पूर्ण गोपनीयता के साथ राजी बाई को मताधिकार का अवसर प्रदान किया। चुनाव आयोग के प्रयासों से इस बार लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में भागीदारी निभाने की खुशी राजी बाई के चेहरे से झलक रही थी। राजी बाई ने प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार झाडोल क्षेत्र में मतदान दल क्रमांक 6 पहाड़ी क्षेत्र में करीब एक किलोमीटर तक पैदल चढ़ाई कर दिव्यांग मतदाता अनाडू के घर पहुंचा और उससे मतदान कराया।

सुराणा ने बताया कि होम वोटिंग का पहला चरण 21 अप्रैल तक चलेगा। पहली विजिट में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं का दूसरे चरण 22 से 23 अप्रैल में मतदान कराया जाएगा। दोनों ही बार अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित मतदाता मतदान से वंचित रहेंगे।

# पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी को दिया प्रशिक्षण



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोकसभा आम चुनाव- 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर गठित मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सोमवार से जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय तथा राजकीय फतह उमावि परिसर में प्रारंभ हुआ। पहले दिन मतदान दल क्रमांक 1 से 1500 तक में शामिल पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को अलग-अलग बैच में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा व राज्य स्तरीय मास्टरट्रेनर डॉ महामायाप्रसाद चौबीसा व डॉ मजहर हुसैन के मार्गदर्शन में दक्ष प्रशिक्षकों ने पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम को उनके दायित्व समझाए। इसमें मतदान दिवस पर बूथ पर पहुंच कर की जाने वाले व्यवस्थाओं, मतदान दिवस पर सुबह मॉक पोल एवं मूल मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, निर्वाचन प्रपत्रों का इंद्राज तथा समय-समय पर वांछित सूचनाएं सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराने आदि की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़, कार्मिक प्रकोष्ठ प्रभारी जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ आदि ने प्रशिक्षण स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशिक्षण 16 अप्रैल को जारी रहेगा। इसमें क्रमांक 1501 से आगे के मतदान दलों में शामिल पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम भाग लेंगे। डाक मत पत्र से किया मतदानप्रशिक्षण स्थल श्रमजीवी महाविद्यालय व फतह स्कूल परिसर में 12-12 सुविधा केंद्र भी स्थापित किए गए। इनमें मतदान दलों में शामिल कार्मिकों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके लिए 8 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक सुविधा केंद्र तथा अन्य जिलों के लिए 4 केंद्र स्थापित किए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)| सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है|